



एक नजर में



### सेवा पखवाड़े के समापन पर ली स्वच्छता की शपथ

**बुधनी.** नप अध्यक्ष सुनीता अर्जुन मालवीय के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का समापन गांधी जयंती के अवसर पर किया गया. समारोह का शुभारंभ महात्मा गांधी की प्रतिमा पर नप सीएमओ संतोष कुमार रघुवंशी ने माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पण कर किया. सभी उपस्थितजनों ने गांधीजी के स्वच्छता के विचारों को स्मरण किया. इस मौके पर सीएमओ संतोष कुमार रघुवंशी, धीरेन्द्र तिवारी, राजस्व निरीक्षक जितेंद्र सिंह बघेल, शैलेन्द्र सिंह चौहान सहित अधिकारी-कर्मचारीगण एवं फीडबैक फाउंडेशन की टीम द्वारा महात्मा गांधी के स्वच्छता संदेश को दोहराया गया. इसके पश्चात सभी उपस्थितजनों ने एक साथ स्वच्छता शपथ ली.




### दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान में दे रहे जानकारी

**सीहोर.** प्रदेश को पशुपालन से दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी पंक्ति में लाने के उद्देश्य से दुग्ध सम्रद्धि संपर्क अभियान 9 अक्टूबर चलाया जा रहा है. इसके तहत भैंस वंशीय पशु पशुपालकों के घर-घर जाकर पशु चिकित्सक, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी व मैत्री द्वारा घर-घर जाकर संवाद कर उनकी समस्याओं के बारे में जान रहे हैं. उन्हें उन्नत पशुपालन पशु पोषण नस्ल सुधार सेक्स सॉर्टेड सीमन का उपयोग एंब्रियो ट्रांसफर तकनीक पशुओं को बीमारी से बचाव व टीकाकरण के बारे में जानकारी दी जा रही है.



### संभाग स्तरीय बालरंग समूह गान में ब्लू बर्ड स्कूल विजेता

**सीहोर.** शनिवार को राजधानी में शासकीय महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में संभाग स्तरीय बालरंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन संपन्न हुआ. समूह गान की अंडर-14 श्रेणी में सीहोर स्थित ब्लू बर्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने मालवी लोकगीत की प्रस्तुति देकर सभी जिलों को पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया. इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ ही विद्यालय का दल अब 13 अक्टूबर को होशंगाबाद में आयोजित राज्य स्तरीय बालरंग समारोह में भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व करेगा. ब्लू बर्ड स्कूल के विजयी दल में प्रिंस प्रजापति, मितांश खरे, रिषित पाटीदार, ऋषभ राठौर, पवित्रा मंत्री एवं कनिष्का राठौर शामिल थे. इन विद्यार्थियों ने मालवी भाषा में लोकगीत प्रस्तुत किया. जिसे विद्यालय के संगीत शिक्षक अजय मेवाड़ा एवं मधुर सक्सेना के मार्गदर्शन में तैयार किया गया. इसके अतिरिक्त, विद्यालय के छात्र अंश विश्वकर्मा ने एकल तबला वादन में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया. इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, संगीत प्रेमियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं.



### स्वदेशी जागरुकता कैलेंडर का महाजन ने किया विमोचन

**सीहोर.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वदेशी जागरुकता अभियान शुरू कर दिया है. अभियान के अंतर्गत शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में गौरव सन्नी महाजन ने देश को आत्मनिर्भर बनाने और नागरिकों को स्वदेशी उत्पाद खरीदने के लिए प्रोत्साहित करने वाले कैलेंडर का विमोचन किया. श्री महाजन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम अमेरिका को व्यापारिक रूप से टक्कर दे रहे हैं. अब चीन भी हमारे देश के सामने झुक हो गया है. प्रधानमंत्री ने देश की उन्नति तरक्की के लिए विदेश और सुरक्षा नीति में भी परिवर्तन किया है. यही कारण है कि पाकिस्तान जैसे देश दुनिया में भीख मांग रहा है. उन्होंने कहा कि अब हमें देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी स्थानीय वस्तुओं उत्पादों का अधिक से अधिक उपयोग करना है. स्थानीय दुकानदारों व्यापारियों को आर्थिक रूप से सबल बनाना है. भाजपा कार्यकर्ता शहर की सभी दुकानों पर पहुंचेंगे और यहां स्वदेशी जागरुकता कैलेंडर सभी जगह लगाएंगे. जागरुकता कैलेंडर में कौन से उत्पादन विदेशी हैं और कौन से स्वदेशी हैं इसकी जानकारी दी गई है.

### पीएमश्री कॉलेज में विद्यार्थियों को किया प्रशिक्षित

**सीहोर.** स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, पीएमश्री कॉलेज एवं एसवीसीजीसी उन्नति फाउंडेशन, बेंगलुरु के संयुक्त तत्वाधान में 30 दिवसीय इंग्लिश स्पोकन, सॉफ्ट स्किल एवं पर्सनालिटी डेवलपमेंट कार्यक्रम आयोजित किया गया. प्रथम दो बैच का समापन शुक्रवार को किया गया. प्रभारी प्राचार्य डॉ. गणेश लाल जैन ने विद्यार्थियों को जीवन में निरंतर सीखने और आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को आवश्यक बताया. उन्होंने प्रतिभागी विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की. कार्यक्रम के समापन सत्र में प्रभारी डॉ. हुमा अख्तर ने कहा कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं भाषा दक्षता के लिए इस तरह के प्रशिक्षण शिविर अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं. प्रशिक्षण के अंतिम दिवस समापन समारोह में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे समस्त विद्यार्थियों को सफलता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए मेडल भी वितरित किए गए. इस अवसर पर प्रकोष्ठ सदस्य डॉ. रेखा राजपूत, डॉ. अजय पाल प्रजापति ने विद्यार्थियों को सतत प्रयास और आत्मानुशासन अपनाने का संदेश दिया. इस अवसर पर पीएमश्री कॉलेज के अनेक विद्यार्थी एवं समस्त स्टाफ उपस्थित था.

# भावांतर के पंजीयन शुरू, लेकिन किसानों में रोष

## नाराज किसानों का कहना, आठ साल पहले की राशि नहीं दी, किसान छह अक्टूबर को निकालेंगे आक्रोश रैली

- सोयाबीन की खरीदी के लिए पंजीयन कार्य प्रारंभ
- प्रशासन ने पंजीयन के लिए जिले में बनाए 68 केन्द्र



नवभारत न्यूज

**सीहोर 4 अक्टूबर. राज्य सरकार भले ही भावांतर भुगतान योजना से किसानों को उनकी सोयाबीन की उपज का सही दाम देने के दावे कर रही हो, लेकिन हकीकत यह है कि किसान इस भावांतर भुगतान योजना से खुश नहीं हैं. किसानों का दावा है कि यह सरकार का सिर्फ छलावा है, क्योंकि 8 साल पहले तक का भुगतान सरकार ने अब तक नहीं किया है. किसानों का कहना है कि समर्थन मूल्य पर सोयाबीन का उपार्जन होना चाहिए। ताकि पंजीकृत किसानों को उनके सोयाबीन का उचित भुगतान मिल सके। इसके लिए 6 अक्टूबर को किसान भैरूंदा में आक्रोश रैली निकालेंगे. इस आक्रोश रैली में करीब 4 हजार से ज्यादा ट्रैक्टर शामिल होंगे.**

गौरतलब है कि शुक्रवार से भावांतर भुगतान योजना के पंजीयन शुरू किए गए हैं. जिले में पंजीयन के लिए 68 पंजीयन केंद्र बनाए गए हैं. यहां किसान सीधे पहुंचकर भावांतर भुगतान योजना के पंजीयन करवा सकते हैं. राज्य सरकार ने एक बार फिर भावांतर भुगतान योजना शुरू करने का फैसला लिया है, जिसके तहत किसानों का पंजीयन 17 अक्टूबर तक चलेगा. 24 अक्टूबर से 15 जनवरी तक योजना चलेगी. किसान अपनी उपज का पंजीयन सोसायटी स्तर पर बनाए गए केंद्रों, ग्राहक सेवा केंद्रों, एमपी ऑनलाइन, एमपी किसान एप और ई-उपार्जन पोर्टल पर कर सकेंगे. इस बार योजना में सोयाबीन का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 5300 रुपए तय किया गया है. बाजार में यदि फसल की कीमत एमएसपी से कम रही, तो सरकार किसानों को अंतर की राशि भावांतर के रूप में देगी. हालांकि, किसानों को अभी भी 2017-18 की भावांतर योजना की राशि का इंतजार है, जिससे उनकी उम्मीदों के साथ शंका भी जुड़ी हुई है. पिछले साल 2024 में भी सोयाबीन के भाव बेहद कम थे. किसानों के विरोध के बाद सरकार ने एमएसपी पर सोयाबीन की खरीदी भी की थी.

### पंजीयन के लिए प्रशासन ने बनाए केन्द्र

तहसील सीहोर में मार्केटिंग सीहोर, बिलकिसगंज, चंदेरी, बिजोरी, मुंगावली, नापलाखेड़ी, पचामा, बमुलिया, खामलिया, ढाबला, मुसकरा में पंजीयन केंद्र स्थापित किए गए हैं। तहसील श्यामपुर में पान विहार, अहमदपुर, चांदबड़, खण्डवा, खजुरियाकला, दोराहा, खाईखेड़ा, तहसील-आष्टा में मार्केटिंग आष्टा, कोठरी कला, डाबरी, भंवरा, मैना, खामखेडा जत्रा, दुपाड़िया, बेदाखेड़ी, गवाखेड़ा, बागेर, निपानिया कला, खड़ी हाट, खाचरोद, हकीमाबाद, सिद्दीकगंज, तहसील-जावर में जावर, कजलास, मेहतवाड़ा, मुरावर, फुडरा, भाऊखेड़ा, ग्वाली, तहसील-इछावर में मार्केटिंग इछावर, आमलारामजीपुरा, रामदासी, बोरदीकला, दीवड़िया, अमलाहा, जमोनिया फतेहपुर, धामंदा, तहसील-भेरूंदा में मार्केटिंग नसरुल्लागंज, लाड़कुई, भादाकुई, बालागांव, डोभा, निमोटा, बाईं, छीपानेर, सतराना, डिमावर, तिलाड़िया, बोरखेड़ा कला, चींच, राला, पिपलानी, वासुदेव, तहसील- बुदनी में मार्केटिंग शाहगंज, तहसील-रेहटी में सोयत, रमपुरा चकल्दी, दिगवाड़ में पंजीयन केंद्र बनाए गए हैं.

### अब भी किसानों को पुरानी राशि का इंतजार

गांव चांदबड़ के किसान बद्रीप्रसाद ने बताया कि 8 साल पहले भावांतर भुगतान योजना में सरकार को 30 क्विंटल सोयाबीन बेची थी. उसकी राशि आज तक नहीं आई. अब फिर सरकार वहीं योजना शुरू कर रही है. हम फिर से योजना में सोयाबीन बेचें और समय राशि मिल जाए, इसकी गारंटी आखिर कौन लेगा? उन्होंने बताया कि भुगतान के संबंध में उन्होंने कई बार शिकायत भी की है, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई. अब तो भुगतान मिलने की आस भी टूट गई, लेकिन फिर से भावांतर भुगतान योजना के दावे भाजपा सरकार कर रही है. ऐसे में सरकार को समर्थन मूल्य पर ही सोयाबीन की खरीदी करना चाहिए.

### समर्थन मूल्य पर ही की जाए खरीदी

सोयाबीन की भावांतर भुगतान योजना बंद की जाए खरीदी पिछले साल की तरह समर्थन मूल्य पर की जाए. हम 6 अक्टूबर को भैरूंदा में अक्रोश रैली निकालेंगे. रैली में 4 हजार से ज्यादा ट्रैक्टर शामिल होंगे. इसको लेकर हम ज्ञापन भी दे चुके हैं.

**गजेन्द्र जाट,**
प्रदेश सचिव, किसान स्वराज संगठन

### 200 कैमरे खंगाले तब मिला डंपर का सुराग

**आष्टा.** पुलिस ने गत 27 सितंबर को चोरी गया डंपर 6 दिन की मेहनत के बाद एक हजार किमी का सफर तय कर 200 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखने के बाद डंपर बरामद कर लिया है. वहीं आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए. जानकारी के अनुसार गत 27 सितंबर को मालीपुरा जोड़ स्थित कमल मेवाड़ा के मकान के पास खड़ा डंपर अज्ञात चोर चोरी करके ले गए थे. फरियादी द्वारा चोरी गए डंपर की कीमत लगभग 35 लाख बताई गई. पार्वती थाना प्रभारी हरिसिंह परमार के नेतृत्व में उप निरीक्षक अजय जोझा, हीरेश सोनी, दिनेश सिसोदिया, महेंद्र मेवाड़ा, नितिन वर्मा, शैलेंद्र पटेल, चंद्रभान सेन, साइबर सेल से प्रधान आरक्षक सुशील साल्वे एवं शैलेंद्र सिंह की एक विशेष टीम गठित की गई. टीम लगातार डंपर की लोकेशन का पता लगाती रही. पुलिस टीम ने डंपर की लोकेशन ट्रैक करते हुए 1000 किमी का लंबा सफर तय किया और जांच के दौरान लगभग 200 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई. पुलिस ने 6 दिनों की मेहनत के बाद डंपर राजस्थान के थांवला थाना क्षेत्र, जिला नागौर से बरामद कर लिया. हालांकि चोर वाहन छोड़कर फरार हो गए. लेकिन चोरों का सुराग लग गया है. जल्दी ही पुलिस गिरफ्त में होंगे.

## नगर में कदम-ताल करते निकले स्वयंसेवक



नवभारत न्यूज

**सलकनपुर 4 अक्टूबर.** शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से घोष की ताल पर कदम से कदम मिलाते हुए पथ संचलन निकाला गया. स्वयंसेवकों में अनुशासन दिखाई दिया.

स्वयंसेवक सिर पर काली टोपी, खाकी पेंट व सफेद शर्ट व हाथों में तलवार लेकर घोष की आवाज पर समय कदम से कदम मिलाते हुए आगे बढ़ते रहे. जगह-जगह पर सामाजिक संगठनों एवं नगरवासियों द्वारा पथ संचलन का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया. पथ संचलन में बाल से लेकर प्रौढ़ स्वयंसेवक शामिल रहे. शताब्दी वर्ष की अनुभूति हर स्वयंसेवक में नई ऊर्जा व दायित्व का बोध करा रही है. पथ संचलन रेहटी कृषि उपज मंडी से प्रारंभ होकर पुराने बस स्टैंड, से नगर में निकला गया.

### मीटर की अनिवार्यता तिथि बढ़ाने पर खुशी

**सीहोर.** प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाए जाने की समय सीमा को 31 मार्च 28 तक बढ़ा दिया है. आयोग के निर्णय का कांग्रेस ने स्वागत किया है. कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा ने कहा है कि स्मार्ट मीटरों से ज्यादा रीडिंग बनने और बढ़े हुए बिल आने के मामले सामने आ रहे थे और जनता में इसे लेकर आक्रोश था. कांग्रेस ने भी मीटर का विरोध किया. विरोध और दबाव का परिणाम है कि विद्युत किंपनी का यह निर्णय आयोग ने आगे बढ़ा दिया है.



## घूमने और मौज मस्ती में उड़ाए चोरी के पैसे

नवभारत न्यूज

**भैरूंदा 4 अक्टूबर.** पुलिस ने 72 घंटे में नगर की 05 दुकानों का ताला तोड़कर चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी के कब्जे से घटना में सामान एवं चोरी गया माल बरामद किया. आरोपी पूर्व में भी चोरी के मामलों में पकड़ाया जा चुका है.

जानकारी के अनुसार गत 28 सितंबर की रात आनलाईन दुकान कपड़े की दुकान, मोबाईल की दुकानों और जनरल स्टोर का ताला तोड़कर चोर नगदी, कपड़े, मोबाईल ऐसेसीरीज आदि चोरी कर ले गया था. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी. थाना प्रभारी द्वारा अज्ञात आरोपी की तलाश करने दो विशेष टीमों का गठन किया गया. पुलिस टीमों ने घटना स्थल के आसपास और रास्ते में लगे कई सीसीटीवी कैमरे खंगालते हुए संदेही धर्मेंद्र नाथ उर्फ कृष्णा पिता राधेश्याम निवासी ग्राम जाट मोहाई थाना गोपालपुर को हिरासत में लेकर पूछताछ की.

आरोपी ने नीलकण्ठ रोड़ की 5 दुकानों से करीब 70 हजार रुपए नगदी, कपडे, मोबाईल एसीसीरिज पावर बैंक व एयरफोन चोरी करना बताया. इन पैसों से वह इन्दौर व आसपास घूमा और खाने पीने में खर्च करना बताया और शेष बचे 4500 रुपए नगदी, शर्ट पेंट, मोबाईल एसेसीरिज पावर बैंक, एयर फोन व घटना में इस्तेमाल लोहे की राड व चेहरा छुपाने में उपयोग किए गमछे को उसके निवास स्थान ग्राम जाट मुहाई से जप्त किए. आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया. जहां से उसे जेल भेज दिया गया.

## मानसून की विदाई बेला में बरस रहे बादलों ने किया तरबतर



नवभारत न्यूज

**सीहोर 4 अक्टूबर.** विदाई बेला में आसमान पर छाए बादलों का बरसना लगातार जारी है. शनिवार को भी जिला मुख्यालय और इछावर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में काफी देर तक जोरदार बारिश हुई. इछावर के मध्य बहने वाले नाले का पानी बाजार की सड़कों पर बह निकला, वहीं शनिवार को शहर में आधा दर्जन स्थानों पर आयोजित भंडारे आयोजन की तैयारियों में लगी समिति सदस्यों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा.

इस बार के मानसून ने बरसने में जमकर कंजूसी की है. जिले की बुधनी और भैरूंदा तहसील को छोड़ दिया जाए तो सभी तहसीलों में औसत से कम बारिश हुई है. अमूमन सितंबर माह के दूसरे पखवाड़े में मानसून की विदाई तय हो जाती है, लेकिन इस बार अक्टूबर माह में भी बादलों की सक्रियता बनी हुई है. शुक्रवार की दोपहर जिला मुख्यालय पर आधा घंटे तक जोरदार बारिश होने से मौसम सुहावना हो गया था. शनिवार को भी दोपहर बाद आसमान पर घिर आई काली घटाओं ने जोरदार ढंग से बरसते हुए शहर को तरबतर कर दिया.

नजदीकी इछावर तहसील में भी बादल जमकर बरसे और नाले का पानी नगर की सड़कों पर बहने लगा. ग्राम फांगिया, ब्रिजिशनगर, कनेरिया गुराड़ी आदि ग्रामों में भारी बारिश से सोयाबीन की कटी फसल खराब हो गई है.

### आपसी विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट

नवभारत न्यूज

**बुधनी 4 अक्टूबर.** बीती देर रात वार्ड एक में दो पक्षों में आपसी विवाद हो गया. जिसमें दोनों पक्षों में मारपीट हुई. पुलिस ने दोनों पक्षों के ऊपर मामला कर लिया.

नगर के वार्ड एक में बीती रात मीना गौर पत्नी हरिओम गौर ने थाने में आवेदन देकर बताया कि पड़ोसी हरीशंकर कदम मेरे घर में घुस गए और मुझको और मेरे पति को गालियां देकर मारपीट की. पुलिस ने पिता हरिशंकर कदम और दोनों पुत्र अजय और विजय उर्फ मुन्ना पर मामला दर्ज किया. वहीं कुछ समय उपरांत दूसरा पक्ष हरिशंकर कदम थाने पहुंचे और क्रास मामला दर्ज कराया. मामले में हरिओम गौर, अभिषेक गौर, बंटी गौर, बब्लू गौर रोहित गौर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है.

घटना के बाद हरीशंकर कदम के दोनों लड़के अजय और विजय कदम व उनके साथियों ने कार में बैठे हरिओम गौर पर हथियारों से हमला कर दिया. हमले के दौरान हरिओम गौर को चोट आई है. पुलिस ने दोनों युवक अजय, विजय के ऊपर मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है.

## पिता का आदेश सहर्ष स्वीकार कर राम ने किया वनगमन

नवभारत न्यूज

**शाहगंज 4 अक्टूबर.** नगर के दशहरा मैदान पर चल रही रामलीला के अंतर्गत शनिवार को दशरथ प्रतिज्ञा, मंथरा, कैकई संवाद एवं श्री राम वनगमन की लीला की मार्मिक प्रस्तुति कलाकारों द्वारा दी गई.

प्रसंग की शुरुआत में बताया कि अयोध्या के चक्रवर्ती सम्राट राजा दशरथ ने महसूस किया कि ज्येष्ठ पुत्र राम का राजतिलक कर दिया जाए. राजा दशरथ ने अपने गुरु वशिष्ट से मार्गदर्शन लेकर राजदरबारियों की सलाह लेकर राजतिलक की घोषणा कर दी. पूरी अवधपुरि में खुशी का माहौल बन गया और राजतिलक की तैयारियां शुरू कर दी गई.

उसी समय दासी मंथरा से राजतिलक की तैयारियां देखी नहीं गई और उसने महाराज से पहला वरदान भरत को राजगद्दी एवं दूसरा श्री राम को 14 वर्ष का वनवास मांगा. पिता द्वारा दिए हुए वचनों को स्वीकार करते हुए प्रभु श्रीराम वनवास जाने को सहर्ष तैयार हो जाते हैं. श्रीराम जी सीता जी के हठ को नहीं टाल सके ओर वह भी साथ जाने को तैयार हो जाती है. अनुज लक्ष्मण माता सुमित्रा और पत्नी उर्मिला से विदा लेकर भगवान राम के साथ वन में प्रस्थान करते हैं.



शिविर | रोटरी क्लब व इनरव्हील क्लब ने किया कैंसर जांच शिविर का आयोजन

## समाज और जरूरतमंद की सेवा ही सच्ची उपासना : विधायक




नवभारत न्यूज

**सीहोर 4 अक्टूबर.** शनिवार को रोटरी एवं इनर व्हील क्लब द्वारा आयोजित नि:शुल्क स्तन कैंसर मेमोग्राफी जांच एवं सर्वाइकल कैंसर जांच शिविर में विधायक सुदेश राय एवं समाजसेवी श्रीमती अरुणा राय विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए. शिविर का आयोजन इंदौर के अरविन्दो अस्पताल के सहयोग से किया जा रहा है.

पहले दिन शिविर में करीब 282 से अधिक मरीजों का पंजीयन के पश्चात जांच आदि की. जांच के दौरान कैंसर के आधा दर्जन संदिग्ध मरीजों को परामर्श दिया गया. यह जिले के इतिहास में पहला विशाल निशुल्क जांच शिविर है, जिसमें रिकार्ड मरीजों की जांच और परामर्श दिया गया है.

रोटरी क्लब अध्यक्ष मधुर विजयर्गीय और इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष नेहा विजयवर्गीय ने विधायक श्री राय सहित अन्य अतिथियों का सम्मान किया. उन्होंने कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए ऐसे आयोजन समाज में जागरुकता और स्वस्थ जीवन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं.

इस अवसर पर रोटरी क्लब अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय ने बताया कि रविवार को दोपहर दो बजे लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, विधायक सुदेश राय, नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. अभिजीत देशमुख करेंगे.

शनिवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान डीजी सुशील मल्हौत्रा, डॉ. सुनीता सिसोदिया, डॉ. पुष्पा कन्नोजिया, डॉ. मालती आर्य, डॉ. राजश्री मोदी, रोटरी क्लब के सचिव कपिल अग्रवाल, प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉ. कैलाश अग्रवाल, डॉ. एसआर गट्टानी, प्रोजेक्ट कार्डिनेटर रघुनंदन निगोदिया, प्रोजेक्ट डाइरेक्टर डॉ. आशुतोष शर्मा, डॉ. गौरव ताम्रकार, अजय जैन, अर्पित पालीवाल, मयंक चड्ढा, पंकज जैन आदि उपस्थित थे.

### पोषण दिवस पर 557 बच्चों का टीकाकरण

**सीहोर.** स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस के तहत विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में शिविर लगाकर महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया. जिले में शुक्रवार को शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 400 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 157 बच्चों का टीकाकरण किया गया. 70 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया. स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर लगाकर बच्चों के टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है.